विस्थापित हिन्दू को नागरिकता सहित कई मसलों पर चर्चा हुई

■ जोधपुर के माहेश्वरी भवन में विश्व हिन्दू परिषद् की केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की दो दिवसीय बैठक हुई

जोधपुर, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद की केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की दो दिवसीय बैठक आज जोधपुर के माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुई।

रविवार को पत्रकार वार्ता में विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने बैठक की सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रत्येक विस्थापित हिन्दू को नागरिकता मिले, हिन्दू मान्यताओं व परम्पराओं की सात्विकता व पवित्रता सुनिश्चित करने के साथ, मन्दिरों को जागरण, धर्म प्रचार, सेवा व समरसता के केन्द्र बनाने का संकल्प लिया गया।

विहिप अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को विहिप के 60 वर्ष पूर्ण होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे में देशभर में हजारों स्थानों पर व्यापक जनजागरण कार्यक्रम होंगे। 24 अगस्त से 1 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले इन स्थापना दिवस महोत्सव कार्यक्रमों के अन्तर्गत विहिप की 60 वर्षों की उपलब्धियां, वर्तमान में राष्ट्र, धर्म व हिन्दू समाज के समक्ष चुनौतियाँ तथा उनके निराकरण के सम्बन्ध में चर्चाएं, संगोष्ठियाँ व सार्वजनिक कार्यक्रम होंगे।

इनके माध्यम से हम विहिप के कार्यों व हिन्दू जीवन मूल्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे।

उन्होंने बताया कि राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात व उत्तर प्रदेश सहित सम्पूर्ण देश के अनेक राज्यों में विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताहर गांव गली मोहल्ले में पाक से आये पीड़ित विस्थापित हिन्दुओं को नागरिकता दिलाने में सहयोग कर रहे हैं। इसमें हजारों हिन्दुओं की नागरिकता के लिए पंजीयन हो चुका है तथा सैकड़ों को नागरिकता मिली भी है। निर्णय हुआ कि इस प्रक्रिया में और तेजी लाई जाएगी तथा शेष बचे सभी पीड़ितों को भारत की नागरिकता दिलाई जाएगी।

मुसलमानों को अधिकार बताया जाता है कि वह खाने के पहले देखें कि वह खाना हलाल का है या नहीं। खाने में धार्मिक भाव को देखा जा सकता है तो बेचने वाले के बारे में क्यों नहीं?

इस बारे में कानून 2006 में बना था। 2011 में नियम बने थे। इन नियमों में यह निर्देश था कि खाने का सामान बेचने वालों को अपना लाइसेंस दुकान पर लगाना पड़ेगा जिसमें उनका नाम शामिल है। तब केन्द्र में प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह की सरकार थी।

बहुत सारे ऐसे कानून है जिसमें हर दुकानदार को अपनी दुकान के सामने अपना रजिस्ट्रेशन लगाना पड़ता है। इसमें उसका नाम होता ही है एवं इसके अलावा अन्य काफी जानकारियां होती है, जैसे जीएसटी नंबर, टिन नंबर, शॉप एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट आदि। फिर इस बार ही आपत्ति क्यों?

यह सर्वविदित है कि हिन्दू धर्म स्थलों, तीर्थो तथा धार्मिक यात्राओं के मार्ग में बहुत सारे मुसलमान दुकानदार अपने दुकान का नाम हिन्दू देवी देवताओं के नाम पर रखते है तथा कई जगह तो वे हिन्दू देवी देवताओं के चित्र भी लगाते है। यह सीधे-सीधे अपना मजहब छुपाकर धोखा देने की बात है। कोई इस प्रकार के धोखे को अपना कानूनी अधिकार कैसे बता सकता है? क्या तीर्थ यात्रियों को यात्रा में अपने धर्म के अनुसार धार्मिक सात्विक खाना खाने का अधिकार भी नहीं है?

आलोक कुमार ने यह भी कहा कि निश्चय ही लोकतंत्र में दो आदेश नहीं हो सकते। किसी एक धर्म के मानने वालों के लिए अलग और हिन्दू धर्म के मानने वालो के लिए अलग। विश्व हिन्दू परिषद इस कानून का समर्थन करती है।

हमें यह मालूम है कि सुप्रीम कोर्ट ने अभी इस आदेश पर रोक लगाई है। इस आज्ञा का सम्मान होना चाहिए। किंतु, हम यह आशा करते हैं कि गुण दोष के आधार पर पूरी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट अपना यह आदेश वापस लेकर याचिका को शीघ्र रद्द करेगी।

विभिन्न जाति मत-पंथ-सम्प्रदायों के मठ मन्दिर देश में सामाजिक जागरण, धर्मप्रचार, सेवा व समरसता के केन्द्र बनें तथा शुद्ध मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक रीति-रिवाज से पूजा, अर्चना व पौरोहित्य के कार्य सम्पन हों, इस हेतु विहिप ने देशभर में अर्चक पुरोहितों के प्रशिक्षण की एक व्यापक कार्य योजना बनाई है। इससे न सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप अपितु, पश्चिम के देशों में भी मन्दिरों व घरों में विधि विधान से संस्कार व धार्मिक शिक्षा का प्रसार हो सकेगा।

विदेशस्थहिन्दू मन्दिरों में ऐसे पुजारियों की बड़ी मांग है। इस की पूर्ति हेतु इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंठोजी व अन्य भाषाओं के साथ तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के जाति-मत-पंथ-सम्प्रदाय को सहभागी बनाया जाएगा। इस दो दिवसीय बैठक में देश भर में विहिप के 47 प्रान्तों सहित विश्व भर के लगभग 300 पदाधिकारियों ने भाग लिया।

न्याय मंत्री ने की जनसुनवाई

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिलेभर से आए फरियादियों की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की परिवेदनाओं को त्वरित निस्तारित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

इस दौरान पटेल ने जोधपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई में आए फरियादियों ने शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल सहित अन्य आमजन से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री पटेल को सौंपी जिस पर उन्होंने परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

पटेल ने कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल सके। साथ ही, अंतिम छोर तक इन योजनाओं का लाभ पंहुचे, इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन में राज्य सरकार प्रदेश के चहुमुंखी विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, प्रदेशवासियों के जनकल्याण के लिए पारदर्शिता एवं निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जन सुनवाई में जन हितैषी कार्यों की सुनवाई कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान की जा रही है।

भामाशाह हलाराम पटेल एवं रश्मि वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक राधेश्याम चौधरी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोली में लगभग 50 लाख रुपए में डिजिटल कंप्यूटर लैब का निर्माण करवाया गया है।

मातृभाषा हमारे लिए जरूरी है : पद्मश्री शेखावत

वरिष्ठ नागरिक समिति पाली ने सिल्वर जुबली विशेषांक स्मारिका का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। 28 जुलाई (रविवार) को वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक करण सिंह चाली स्थित सभागार में हुई, जिसमें सिल्वर जुबली विशेषांक स्मारिका का विमोचन 25 वर्ष पूर्ण करने पर किया गया। सर्वप्रथम महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत द्वारा गतमाह की कार्रवाई का पठन किया व सदन द्वारा सर्व सम्मति से हाथ खड़े करके पुष्टि की गई।

माह जून में जन्म लेने वाले कृष्ण चंद्र जोशी, बाबूलाल अग्रवाल, हरिभजन आर्य, श्रवण कुमार तंवर, प्रमोद कुमार माथुर के जन्म दिवस की माला पहना कर बधाई दी गई।

इस अवसर पर पद्मश्री अर्जुन सिंह शेखावत मुख्य अतिथि ने कहा कि मातृभाषा हमारी जननी है। उसकी हर एक व्यक्ति को समाज की आवश्यकता है कि जन्म से मृत्यु पर्यंत वह मातृभाषा बोलता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पाली के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली विशेषांक का विमोचन मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ अर्जुन सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह मंडली, अध्यक्ष डॉ रामलाल मोबहरशा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्न गुप्ता, नूतन बाला कपिला, महा मंत्री नरपत सिंह कुंपावत, लखपत राज सिंघवी, पुष्पा परिहार, उपाध्यक्ष घनश्याम भटनागर, कृष्ण चंद्र जोशी, अंबालाल सोलंकी, सचिव दिनेश दवे, सुवालाल पेड़ीवाल आदि ने स्मारिका का विमोचन किया। स्मारिका में 25 वें वर्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के फोटोठाफ, अखबारों की कटिंग सहित छापे गए जिससे मौजूद लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अर्जुन सिंह शेखावत ने कहा कि समय-समय पर इतना काम होता है यह अन्यत्र नहीं होता है इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह मंडली ने फिल्म निर्माण से संबंधित अपने विशिष्ट अनुभव सुनाए। सर्व मित्र के रूप में ख्याति प्राप्त गजेंद्र सिंह मंडली ने बताया कि अब तक 10,000 सर्प पकड़कर उन्होंने बिना हानि पहुचाए जंगल में छोड़ा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मंडली का जोरदार स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के समापन पर डॉ रामलाल मोहबारशा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समिति पाली अपने गौरव शाली 25 वर्षों का अनुभव लेकर भविष्य में उत्तरोत्तर समाज सेवा करते रहे गि। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नूतन बाला कपिला ने एक फिल्मी गीत सुनाया। इस अवसर पर श्री करण सिंह चौहान, धन सिंह बडगूजर, रामस्वरूप, वृद्धि चंद मेवाड़ा, जगराम चौधरी, शांतिलाल पोकरणा, कमल किशोर अग्रवाल, रामदयाल गांधी, हंसा राम भायल, मोहनलाल माणकचंद तंवर आदि मौजूद थे। सचिव दिनेश दवे ने आभार जताया साथ में बैठक संमापन की घोषणा की।

कांग्रेस बजट को लेकर झूठ फैला रही है : अग्रवाल

■ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने जोधपुर में इंडस्ट्रियलिस्ट की मीटिंग ली

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने इंडस्ट्रियलिस्ट की मीटिंग लेकर उन्हें इंडस्ट्रियल पार्क की जानकारी दी।

साथ ही व्यापारियों के लिए इस बजट में क्या विशेष रहा उससे अवगत करवाया। भाजपा व लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इससे पहले राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लघु उद्योग भारती कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर बजट में राजस्थान व जोधपुर को क्या मिला इसकी जानकारी दी। इस दौरान जालोर-सिरोही से लोकसभा सांसद लुंबाराम, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, प्रदेश मंत्री महेन्द्र कुमावत, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा भी मौजूद रहे। इससे पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर अग्रवाल का प्रदेश मंत्री डॉक्टर महेन्द्र कुमावत, जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, जिला महामंत्री मनीष पुरोहित, करणी सिंह खींची, व जिला मंत्री शोभित ने उनका स्वागत किया।

गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस बजट को लेकर झूठा नरेटिव फैला रही है। बजट में जिन राज्यों का नाम नहीं लिया गया इसका मतलब यह नहीं कि उन राज्यों को कुछ मिलेगा नहीं। उन्होंने बताया कि बजट में रोजगार को लेकर जो योजना बनी है उससे देश के सभी राज्यों के बेरोजगार युवाओं को फायदा मिलेगा। यह प्रावधान केवल एक राज्य के लिए नहीं है।

वहीं उन्होंने बताया कि एमएसएमई के लिए बजट में जो प्रावधान है वह हर राज्य के उद्यिमयों के लिए उपयोगी साबित होगा।

अग्रवाल ने बताया कि आज देश भर में 99 जगह प्रेस कान्फ्रेंस रखी गई है। कांग्रेस फॉल्स नरेटिव चलाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि बजट में 100 शहर के विकास में राजस्थान के शहर भी शामिल है। राजस्थान में भी ठामीण सड़कों का विकास होगा। पीएम आवास योजना के तहत राजस्थान में भी आवास बनाए जाएंगे। 48 लाख करोड़ के बजट में पूरे देश में विकास होगा। अगर बिहार और आंध्र में 50 करोड़ का फिगर बताया गया बाकी पैसा तो अन्य राज्यों में खर्च होगा।

अग्रवाल ने बताया कि बेरोजगार युवाओं के लिए पहली बार 4 करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा हुई है। साथ ही नए नियुक्त होने वाले 2 करोड़ 90 लाख लोगों के पीएफ की राशि केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने की भी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार 500 बड़ी कंपनियों में करीब 20 लाख लोगों को स्टेप फंड के साथ इंटर्नशिप करवाएगी। लघु उद्योगों के लिए सरकार ने एनपीए के प्रावधानों में कई रियायत दी गई है. लोन लेने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है।

आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार किया

बालोतरा, (निसं) पुलिस थाना सिणधरी के प्रकरण में वांछित, पत्नि को प्रताडति कर मारपीट करने व पत्नि द्वारा फांसी खाकर आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाले अपराधी गेनाराम को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी ने एक लिखित रिपोर्ट पुलिस थाना सिणधरी पर पेश की कि उसकी पुत्री की शादी आरोपी गेनाराम पुत्र वगताराम मेघवाल निवासी सडा धनजी के साथ हुई थी, मृतका को दहेज के लिए उसके पति गेनाराम, जेठ जालाराम व सासू गैरोदेवी द्वारा तंग व परेशान कर उसके साथ मारपीट कर उसे जान से खत्म कर दिया वगैरा प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अन्वेषण शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा के सुपरविजन में वृताधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये गये। टीम ने तलाश पतारसी के दौरान आरोपी गेनाराम पुत्र वगताराम जाति मेघवाल निवासी सडा धनजी को गिरफ्तार किया है।

चिकित्सा शिविर लगाना सराहनीय पहल : चांदावत

बाड़मेर, (निसं)। ग्लोबल फाउन्डेशन एवं जांगिड जागृति मंच बाड़मेर की ओर से रविवार को स्थानीय जांगिड पंचायत भवन में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, जांगिड़ पंचायत अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर, संरक्षक ग्लोबल फॉउन्डेशन बी के बबिता दीदी, समाजसेवी शिवजीराम कडवासरा, युवा उद्यमी जसपाल सिंह डाभी, संरक्षक ग्लोबल फॉउन्डेशन कैप्टन डॉ. डी के रामावत, अध्यक्ष टीम बाड़मेर सुरेश जाटोल, अध्यक्ष ग्लोबल फॉउन्डेशन डॉ राधा रामावत, लूणकरण धीर व जांगिड़ जागृति मंच के अध्यक्ष लव जांगिड़ के आतिथ्य में किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन एक सराहनीय पहल है, इसका लाभ जरूरतमंदों को अधिक से अधिक मिले इसका पूरा प्रयास करे। इस दौरान चांदावत ने शिविर में सेवाए देने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों व मेडिकल टीम की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं। भगवान मनुष्य को धरती पर भेजते है ओर उनहे स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी डॉक्टर की होती है। वही संरक्षक बी के बबिता दीदी ने कहा कि इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नही हैं। हमें हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। साथ ही ब्रह्माकुमारी राजयोग मैडिटेशन का भी प्रशिशण दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष ग्लोबल फॉउन्डेशन डॉ. राधा रामावत ने कहा की इस शिविर में कैप्टन डॉ. डी के रामावत, डॉ. एल आर परमार, डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. चिल्का पांचाल, डॉ चंद्रकांता, डॉ. वंदना चांडक, डॉ. रूचि चौधरी, डॉ. विपुल चौधरी, डॉ. नरेंद्र चौधरी, डॉ. प्रमोद जैसवाल ने सेवाएं प्रदान की। जांगिड़ जागृति मंच के अध्यक्ष लव जांगिड़ ने बताया कि इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में चार सौ पैतालीस लोगो ने लाभ लिया एवं निःशुल्क जांचे करवाई। सचिव ग्लोबल फॉउन्डेशन हरीश सुथार ने बताया कि इस शिविर में दो सौ इक्यावन लोगो की नेत्र जाँच की गई एवं इक्यावन जरूरतमंद लोगो को निःशुल्क चश्मा दिया गया। साथ ही पर्यावरण सरंक्षण के लिए सभी लोगों को पौधे भी उपहार स्वरूप दिए गए। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ अथितियो द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी अथितियो का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। शिविर में सेवाए देने वाले चिकित्सकों, मेडिकल टीम व कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद् की स्वयं सेविकाओं ने सेवाएं प्रदान की। वही बी के सुशीला बहिन, उपाध्यक्ष अनीता चौहान, खीमसिंह चौहान, डॉ. तारा चौधरी, कोषाध्यक्ष निधि रामावत, अनीता रामावत, एड मुस्कान मेघवाल, मगी जांगिड, विशनसिंह साथिन, पदम ओढाना, अरुण जांगिड, एड भुरचन्द जांगिड, एड पन्नालाल जांगिड, ललित जांगिड, रक्तदाता पुखराज चौधरी, मोहमद रफीक, भंवरलाल जांगिड, दीपू चौहान, सुनीता जांगिड, दुर्गा आचार्य, काजल, हीना जीनगर, खुशबु आचार्य, सीमा जीनगर, नीतू शर्मा, तारा शर्मा, लीला जैन, सरला सहित कई लोग मौजूद रहे।

मोबाइल चोरी का आरोपी पकड़ा

धोरीमना, (निसं)। धोरीमन्ना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए धोरीमन्ना कस्बे के मालाणी मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक शो रूम में तीसरी मंजिल की खिड़की तोड़ कर महंगे मोबाइल, कीमती घडिया चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सूरत जेल से गिरफ्तार किया है।

धोरीमन्ना कस्बे में मालाणी मोबाइल शोरूम के मालिक जसवंता राम पुत्र सावता राम खिलेरी निवासी मांणकी ने धोरीमन्ना थाना में रिपोर्ट पेश कर बताया कि कस्बे में मालाणी मोबाइल शो रूम के तीसरी मंजिल से चोर ने घुस कर शो रूम से महंगे आइफोन कीमती घड़िया चुरा ली। लगभग 3 लाख से ऊपर मोबाइल कीमती घडिया चोरी की रिपोर्ट की थी। धोरीमन्ना पुलिस ने गंभीरता से तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेह के आधार पर जुंजा राम निवासी पुरावा द्वारा चोरी किये जाने के बारे में पहचान की। जुंजा राम के बारे में पुलिस ने पता किया तो जुंजा राम सूरत जेल में साडी शो रूम में चोरी करने के मामले में जेल में बंद है। दुर्गाराम हेड कांनिस्टेबल, कांनिस्टेबल रामा राम अर्जुन राम मय टीम ने सूरत जाकर जुंजा राम की शिनाख्त पर चोरी किया हुआ माल बरामद किया।

कर्मों का फल भोगना ही पड़ेगा : साध्वी कारूण्य

जोधपुर, (कासं)। खेरादियो का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मंदिर त्रिस्तुतिक पौषधशाला में साध्वी कारुण्य लता ने धर्म सभा में कहा कि जैन धर्म इस विश्वास पर आधारित है कि प्रत्येक जीवित प्राणी में एक आत्मा या जीव है, और जीवन का अंतिम लक्ष्य जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति, या मोक्ष प्राप्त करना है और यह मानता है कि यह अहिंसा के मार्ग पर चलने और करुणा, ईमानदारी और आत्म-अनुशासन का जीवन जीने से प्राप्त किया जा सकता है। जैन दर्शन में व्यक्ति पूजा का कोई स्थान नहीं है।

जैन दर्शन में कहीं नहीं कहा गया कि भगवान महावीर या किसी अन्य तीर्थंकर, ऋषि अथवा मुनि की उपासना से कोई भौतिक लाभ हो सकेगा या कोई सांसारिक इच्छा की पूर्ति हो सकेगी। जैन धर्म में सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए कोई मनोती मनाने वाली उपासना नहीं है। केवल आत्मा ही आराध्य है। आत्म-शुद्धि द्वारा ज्ञान, तप, समता और साधना से आत्मा पर विजय प्राप्त कर परमात्मा बनने का उपदेश प्रधान है। इसके भगवान चमत्कार नहीं करते। आपको कुछ पाना है तो उसके लिए कर्म करना होगा। आपको अपने कर्मों का फल भोगना है, और भोगना ही पडेगा।

संघ मंत्री हीराचंद भंडारी ने बताया त्रिस्तुतिक संघ के पुनरोध्दारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वर म.सा. जिनकी स्मृति में चातुर्मास में 72 दिवसीय तप आराधना चल रही हैं। आज राजेन्द्र भवन में तपश्चर्या दिवस पर आचार्य जो 36 गुणों के धारक व पीले रंग के प्रतीक होने के कारण 36 उपासक द्वारा एकासना तप एवं पीले रंग के प्रतीक के रूप में चने के एक धान से ही निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग कर एकासना तपस्या रखी गई। इसके अतिरिक्त 25 आराधकों ने उपवास, आयम्बिल, एकासना, बयासना कुल 61 तपस्वियों ने आराधना रखी।

संघ सदस्य विशाल भंडारी व विपिन सेठ ने बताया कि प्रवचन के बाद दस ठ्रुप बना कर गुरूदेव के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, 90 मिनट की 6 राउंड चली प्रतियोगिता में विद्याचंद्र ठ्रुप के अशोक भंसाली, सुरेश लूँकड, प्रवीण मेहता, दीपक सालेचा प्रथम रहे। संचालन मुस्कान व तनिष्क सेठ ने किया गेहूली की रचना सोनल ओर खुशी सालेचा द्वारा की गई। संघ प्रभावना का लाभ दलपत भंडारी, मंजु बाफना व चम्पालाल सालेचा परिवार ने लिया समापन मंगल आरती के साथ हुआ जिसका लाभ चम्पालाल सालेचा परिवार ने लिया।

कटारिया को बधाई दी

बालोतरा, (निसं)। श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक व असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त करने व उन्हें केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ का प्रशासक बनाने पर ट्रस्ट से शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट बालोतरा अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने ट्रस्ट के सरक्षक व असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को अब पंजाब का राज्यपाल राष्ट्रपति की ओर से मनोनीत करने के साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ का प्रशासक बनाये जाने पर उनको दूरभाष पर वार्ता कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

युवा ही भारत को सिरमौर बना सकते हैं : लाल सिंह

विद्या भारती एवं सरस्वती शिक्षा समिति पाली का आचार्य सम्मेलन आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। विद्या भारती एवं सरस्वती शिक्षा समिति पाली द्वारा संचालित जिले के सरस्वती एवं आदर्श विद्यालयों का आचार्य सम्मेलन ताड़केश्वर रामेश्वर बालिका सरस्वती विद्यालय में तीन दिवसीय आचार्य सम्मेलन के समापन समारोह का आयोजित किया गया।

प्रवक्ता नितेश तोषावरा ने बताया अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह सत्र के मुख्य वक्ता विद्या भारती राजस्थान क्षेत्रीय मंत्री प्रोफेसर लाल सिंह ने कहा कि राष्ट्र में युवा पीढ़ी ही भारत को ही सिरमौर बना सकता है। आज का युवा राष्ट्र की शक्ति है और आज हम आचार्य भारतीय आधारित शिक्षा पर जोर देकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते है और भारत को सिरमौर बना सकते है।

तीन दिवसीय आचार्य सम्मेलन में अंतिम दिन जो वेस्ट सामान से सहायक सामग्री का निर्माण किया गया था उसकी प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अतिति का अवलोक किया गया। विद्या भारती द्वारा आयोजित होने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा की नवीन पुस्तको का विमोचन समापन समारोह में आए हुए अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में बोर्ड कक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले आचार्य और अन्य गतिविधियों में अच्छा कार्य पर विद्यालय को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में प्रांत उपाध्यक्ष रमेश जैन, उषा अखावत, प्रवीन मेहता, मनमोहन, रणजीत सिंह राजपुरोहित, किशनाराम बिश्नोई, प्रवीण शारदा, चंदन सिंह राजपुरोहित, विक्रम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अनादरा मंडल की बैठक हुई

रेवदर, (निसं)। रेवदर भाजपा सिरोही जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा अनादरा मंडल की एक दिवसीय कार्य समिति एवं नवीन कार्यकारिणी स्वागत कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में गुलाबगंज के अंजनी माता मंदिर में संपन्न हुई।

कार्य समिति के दौरान भाजपा अनादरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया एवं समापन के समय मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया।

कार्यसमिति में संबोधित करते हुए सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यहां कार्यकर्ता जो चाहता है वही कार्य होता है।

कार्यसमिति में पूर्व रेवदर विधायक जगसी राम कोली ने राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा अपने 8 माह की कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला।

भाजपा जिला महामंत्री एवं रेवदर विधानसभा प्रभारी नरपत सिंह राणावत ने संबोधित करते हुए बताया कि कार्यकर्ताओं को पंचायती राज चुनाव जीतने के लिए बहुत स्तर तक पार्टी को मजबूत करना होगा।

रेवदर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की बिजली पानी जैसी मूलभूत समस्याओं का अब हमारी सरकार जल्द से जल्द निराकरण कर देगी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष कालूराम चौधरी ने बताया कि भाजपा की मोदी सरकार गरीब को गणेश मानकर अपनी योजनाएं बना रही है।

वैरसीराम ने राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

जालोर जिले के उदीयमान एथलीट वैरसीराम ने राज्य स्तरीय अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिले के उदीयमान एथलीट वैरसीराम ने राज्य स्तरीय अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जालोर जिले को गौरव प्रदान किया।

जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि झुंझुनूं के स्वर्ण जयन्ति स्टेडियम में 27 से 28 जुलाई तक राज्य स्तरीय अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता की 5000 मीटर दौड को वैरसीराम ने 15.20 मिनट की टाइमिंग के साथ जीता व स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पांच हजार मीटर दौड प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर अजमेर व तीसरे स्थान पर जयपुर का धावक रहा।

वैरसीराम को राज्य एथलेटिक्स संघ सचिव देवनारायण गुर्जर, महासचिव सुरेन्द्रसिंह गुर्जर, औघड बाबा शैलेन्द्र नाथ ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

जागरूकता कार्यक्रम हुआ

बालोतरा, (नि.सं.)। महिलाओं के जीवन में नवाचार शिक्षा की गूंज से संभव है प्रत्येक बालिका की शिक्षा में सहज पहुंच बने, इसके लिए हमें सामुदायिक सोच में बदलाव लाकर गांव देहात की वंचित व दुरस्त क्षेत्र की बेटी व बहू की शिक्षा को जारी रखने की जरूरत है।

यह उदगार शिक्षाविद इंदिरा बोखा ने सवेरा संस्थान बालोतरा के द्वारा महिला सशक्तिकरण जेंडर संवेदनशील वातावरण निर्माण के तहत सांभरा व रामसीन मूंगडा में आयोजित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य खेराजराम हुड्डा ने कहा कि शिक्षा मानव विकास की मुख्य स्तंभ है सामुदायिक स्तर पर बदलाव कर बालिकाओं को उच्च अध्ययन हेतु प्रेरित करने की जरूरत है।

सवेरा संस्थान सचिव खींयाराम चौधरी ने कहा कि घुमंतू व वंचित समुदाय की बेटियों की शिक्षा में भागीदारी हेतु औपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा के विकल्पों से जुडाव आवश्यक है।

सरपंच लीला हुडा, पिंकी पालीवाल प्राचार्य भलाराम पटेल, चेनाराम हुड्डा आदि मौजूद रहे।